भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1728
सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)

रोजगार कार्यालय

1728. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में, विशेषकर महाराष्ट्र राज्य में क्रियाशील/संचालित रोजगार कार्यालयों की संख्या कितनी है;
(ख) गत तीन वर्षों के दौरान और वर्तमान में महाराष्ट्र राज्य में रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगार व्यक्तियों (पुरुषों और महिलाओं) की संख्या कितनी है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान महाराष्ट्र राज्य में रोजगार कार्यालयों के द्वारा रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों, महिलाओं सहित, की संख्या कितनी है;
(घ) क्या घरेलू और बहुराष्ट्रीय दोनों कंपनियों सहित पंजीकृत कंपनियां रोजगार कार्यालयों के माध्यम से अपनी जनशक्ति आवश्यकता की पूर्ति करती हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ङ): राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 2021 के दौरान देश में कुल रोजगार कार्यालयों की संख्या 1005 थी और इनमें से 36 महाराष्ट्र में थे। महाराष्ट्र में, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान, रोजगार चाहने वालों (नियोजित/बेरोजगार), जिन्होंने स्वयं को पंजीकृत कराया और रोजगार कार्यालयों के माध्यम से प्लेसमेंट प्राप्त किया, उनकी संख्या इस प्रकार थी:

वर्ष	पंजीकरण (हजारों की संख्या में)		नियोजन (हजारों की संख्या में)	
	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला
2019	139.3	130.8	12.6	5.2
2020	107.9	35.8	43.2	13.0
2021	225.9	82.6	130.5	39.5

स्रोतः राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों से प्राप्त सूचना के आधार पर रोजगार महानिदेशालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संकलित रोजगार कार्यालय सांख्यिकी।

रोजगार कार्यालयों का प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार के पास होता है। रोजगार कार्यालय, नियोक्ताओं की आवश्यकता के अनुसार अधिसूचित रिक्तियों के एवज में उम्मीदवारों को प्रायोजित करते हैं।

*****